रेरा ने 10 शीर्ष परियोजनाओं की रैंकिंग जारी की

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। रेरा (रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण) बिहार ने सोमवार को शीर्ष दस निबंधित परियोजनाओं और प्रमोटरों की रैंकिंग जारी की। इनकी परियोजनाएं रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 के लागू होने के बाद प्राधिकरण के साथ निबंधित हुई हैं।

घर या प्लॉट खरीदार चल रही परियोजनाओं और प्रमोटरों की रैंकिंग प्राधिकरण की वेबसाइट **rera. bihar. gov. in** पर जाकर देख सकते हैं। परियोजनाओं की रैंकिंग के लिए बिहार रियल एस्टेट प्रोजेक्ट कोसेंट (बीआरक्यू) और प्रमोटर के लिए बिहार रेरा प्रमोटर्स कोसेंट (बीपीक्यू) नाम दिया गया है।

सोमवार को शीर्ष परियोजना और प्रमोटरों की रैंकिंग जारी करते रेरा अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह।

स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होगी : विवेक

रेरा बिहार के अध्यक्ष विवेक विवेक कुमार सिंह ने कहा कि परियोजनाओं की रैंकिंग के संबंध में हमने भौतिक प्रगति, आवंटियों से एकत्र किए गए धन का उपयोग और परियोजना के प्रमोटर के खिलाफ दायर शिकायतों आदि को ध्यान में रखा है। उन्होंने बताया कि रैंकिंग से प्रमोटरों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होगी। घर और फ्लैट की खरीदारी करने वालों को भी अधिक सुविधा होगी।

10 शीर्ष प्रमोटर : ऐंबिशन होम्स प्राइवेट लिमिटेड, कुमार बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड, जय श्रीश्याम होम्स प्राइवेट लिमिटेड, अजल्फा बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, मैजेस्टिक कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, मां शांभवी इंजीकॉन प्राइवेट लिमिटेड, मुंडेश्वरी बिल्डर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, योगेन्द्र प्रसाद विद्यार्थी, चित्रा होम्स प्राइवेट लिमिटेड और अपना आशियाना बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड।

10 शीर्ष रियल एस्टेट परियोजनाएं : आराध्या रेजीडेंसी, एसकेआरईपीएल ट्रिनिटी उत्सव, राधे कृष्णा कॉम्प्लेक्स, किरण रेजीडेंसी, तबस्सुम रेजीडेंसी, पैनोरमा सिटी फेज ककक विनसम गुरतेज, अस्थानु मेट्रो टॉवर, श्री कृष्णा पैलेस और जहाजी पैलेस।